राजस्थान डेल्फिक खेलों की आर्ट कैंप एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी से हुई शुरुआत

चर्चा में क्यों?

9 फरवरी, 2023 को डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान द्वारा जवाहर कला केंद्र में डेल्फिक गेम्स की शुरुआत आर्ट कैंप के उद्घाटन से की गई। इसके बाद क्राफ्ट प्रदर्शनी में विभिन्न हस्तकलाओं का सजीव प्रदर्शन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- जवाहर कला केंद्र में आयोजित डेल्फिक खेल क्षेत्रीय स्तर पर पहली बार आयोजित हो रहे हैं। यह खेल राजस्थान की कला और संस्कृति के संरक्षण और राज्य के युवाओं को अपनी कला की पहचान बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इन खेलों में राज्य के 18 से 35 साल तक के युवा में भाग ले रहे हैं।
- आर्ट कैंप में जयपुर, कानोता, लालसोट, अजमेर, बीकानेर, किशनगढ़, मेरठ से आए पेंटिंग कलाकार और राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स, भारतीय शिल्प संस्थान, राजस्थान विश्वविद्यालय के विज़ुअल आर्ट डिपार्टमेंट एवं ड्राइंग एंड पेंटिंग डिपार्टमेंट के इंस्टालेशन आर्टिस्टों ने भाग लिया।
- इसमें भारतीय शिल्प संस्थान की ओर से बनाए गए 80 फीट के डेल्फिक आर्ट वॉल भी आकर्षण का केंद्र रहा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सहयोग से क्राफ्ट प्रदर्शनी में लाख की चूड़ियाँ बनाना, हैंडब्लॉक प्रिंटिंग, कपड़े बुनाई, चरखा चलाना और राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से खादी की स्टॉल्स लगाई गईं।
- उल्लेखनीय है कि डेल्फिक खेलों का आयोजन 9 से 12 फरवरी तक जवाहर कला केंद्र जयपुर में हो रहा है।
- इसमें शास्त्रीय संगीत, भारतीय फिल्म संगीत, लोकप्रिय संगीत (भारतीय फिल्म संगीत के अलावा) शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, समकालीन नृत्य, फोटोग्राफी (2 श्रेणियाँ) समेत कुल छह वर्गों में आयोजित होंगे एवं प्रत्येक वर्ग के लिये नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- गौरतलब है कि राजस्थान पहला राज्य है जो क्षेत्रीय स्तर पर डेल्फिक खेलों का आयोजन कर रहा है। डेल्फिक खेलों का पहला चरण ऑनलाइन था, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा 8 जनवरी, 2023 तक आवेदन किया गया। इनमें से चयनित प्रतिभागी जवाहर कला केंद्र में आयोजित होने वाले द्वितीय चरण में सम्मिलित हो रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-delphic-games-started-with-art-camp-and-craft-exhibition